Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding contribution of Tribal revolutionaries in freedom struggle of the country.

श्री गजेन्द्र उमराव सिंह पटेल (खरगौन) : सभापति महोदय, आपने मुझे देश भर के 11 करोड़ जनजाति वर्ग की बात रखने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए मैं आपका हृदय से आभार प्रकट करता हूं । देश की आजादी में कई जनजाति क्रांतिवीर भगवान बिरसा मुंडा, टंट्या मामा भील, भीमा नायक, ख्वाजा नायक, रानी दुर्गावती, जैसे हजारों जनजाति क्रांतिवीर हुए, लेकिन पूर्व की सरकारों ने इतिहास के पन्नों पर ऐसे जानजाति क्रांतिवीरों का नाम दर्ज नहीं किया । यह पहला ऐसा अवसर आया है कि देश के यशस्वी प्रधान मंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी ने भोपाल की धरती पर 15 नवम्बर को भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती पर राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया । मैं देश भर के 11 करोड़ जनजातीय वर्ग की ओर से आदरणीय प्रधान मंत्री जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं और उन्हें धन्यवाद देता हूं । धन्यवाद ।